ओलिंपिक पदक विजेता मुक्केबाज मैरीकॉम सतगुरु इंटरनेशनल स्कूल में आईं, ऑडिटोरियम का उद्घाटन

स्कूल में सभी स्पोर्ट्स की सुविधाएं एक साथ होने पर पद्मविभूषण मैरीकॉम ने सराहना की

सतगुरु इंटरनेशनल स्कूल में ओलिंपिक पदक विजेता मुक्केबाज मैरीकॉम ने आगाज-द ऑडिटोरियम व स्पोर्ट्स एरिना का उद्घाटन किया।

अजमेर | सतगुरु इंटरनेशनल स्कूल में शनिवार को आगाज-द ऑडिटोरियम व स्पोर्ट्स एरिना का उद्घाटन हुआ। उद्घाटन मुख्य अतिथि पद्म विभूषण ओलिंपिक पदक विजेता मुक्केबाज मैरीकॉम व विशिष्ट अतिथि डॉ. प्रो. रवि चतुर्वेदी (अध्यक्ष इंडियन सोसाइटी फॉर थिएटर रिसर्च (ISTR) जयपुर) द्वारा रिबन काटकर किया गया। विद्यालय के वाइस चेयरमैन प्रकाश लालचंदानी, निदेशक राजा डी. थारवानी, ज्वाइंट सेक्रेट्री भूमिका थारवानी द्वारा बुके देकर अतिथियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विशिष्ट अतिथियों, प्रधानाचार्य जीके मिश्रा व एडमिन हैड देशबंधु दाधीच द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत विद्यार्थियों द्वारा गणेश वंदना के साथ की गई। नन्हें मुन्ने बालकों के द्वारा नैतिक शिक्षा पर आधारित लघु नाट्य प्रस्तुत किया गया। इस दौरान महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सतगुरु परिवार की तीन महिलाओं को सम्मानित किया गया।

विद्यालय के वाइस चेयरमैन प्रकाश लालचंदानी ने कहा कि स्कूल में स्पोर्ट्स हब का निर्माण करवाया गया है जिससे अजमेरवासी भी विश्वस्तरीय नवीन तकनीक व स्पोर्ट्स सुविधाओं का लाभ उठा सकें। विद्यालय निदेशक डी थारवानी ने कहा कि उनका उद्देश्य स्कूल में श्रेष्ठ व उत्कृष्ट संसाधन उपलब्ध करवाना है। स्पोर्ट्स एरिना की सुविधा केवल स्कूल के विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध होगी। बाद में इसके लिए अजमेरवासियों को स्पेशल मेंबरशिप प्रदान की जाएगी। विद्यार्थी व अभिभावक सतगुरु इंटरनेशनल स्कूल द्वारा भविष्य में दी जाने वाली विभिन्न सुविधाओं को देख उत्साहित नजर आए। सीनियर कॉ-ऑर्डिनेटर ने बताया कि लगभग सात सौ अभिभावक एवं विद्यार्थी कार्यक्रम में मौजूद थे। ज्वाइंट सेक्रेट्री भूमिका थारवानी, कविता थारवानी, मंथन थारवानी, लोकेश लालचंदानी व आशा लालचंदानी भी उपस्थित रहे।

मैरीकॉम ने सतगुरु ग्रुप की विद्यालय में बेहतरीन स्पोर्ट्स सुविधाएं उपलब्ध कराने के प्रयास की सराहना की। उन्होंने अजमेरवासियों को अच्छे स्पोर्ट्स भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यह वास्तव में एक नया आगाज है, एक नई क्रांति है कि ऐसी विश्वस्तरीय सुविधा युक्त स्पोर्ट्स के संसाधन सतगुरु स्कूल उपलब्ध करा रहा है। विद्यालय के प्रधानाचार्य जीके मिश्रा ने कहा कि स्कूल में छात्रों के शैक्षिक विकास सह-शैक्षणिक गतिविधियों पर विशेष ध्यान दिया जाता है। उसी का ही परिणाम है कि इस भव्य ऑडिटोरियम 'आगाज' व स्पोर्ट्स एरिना का आज उद्घाटन हुआ है। यहां टेनिस, बॉस्केटबॉल, फुटबॉल, हॉकी, बेडमिंटन, स्कॉश, जिम्नास्टिक, बॉक्सिंग, स्वीमिंगपूल, क्रिकेट, टेबल टेनिस, शूटिंग आदि के कोर्ट, ग्राउंड व कॉम्प्लेक्स हैं, जिनके प्रशिक्षण के लिए प्रशिक्षित कोच अपनी सेवाएं देंगे।